दिनांक 27 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

**महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने विभिन्न विकास निर्माण कार्यों की रखी नीव**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने आज छावनी शंकर नगर दुर्गा मंच के पास यज्ञ मंडप निर्माण कार्य , शंकर नगर स्कूल में मंच स्लैब निर्माण कार्य तथा छावनी सामुदायिक भवन के पास पेविंग ब्लॉक विकास/निर्माण कार्यो का भूमि पूजन मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों एवं पार्षदों से कराया! सर्वप्रथम श्री यादव शंकर नगर पहुंचे जहां पर यज्ञ मंडप निर्माण किया जाना है श्री यादव ने वार्ड पार्षद तुलसी पटेल एवं मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों से भूमि पूजन करने हेतु आग्रह करते हुए कार्य की शुरुआत की तथा श्री यादव ने नारियल फोड़ कर एवं कुदाली चलाकर , कार्य का आधारशिला रखते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ किया! श्री यादव ने अपने उद्‌बोधन में कहा समस्त आयोजनों में सम्मिलित होने का प्रयास करता हूं, आज यज्ञ मंडप निर्माण की शुरुआत करने जा रहे हैं जनता से जुड़े हुए कार्य को प्राथमिकता से किए जाएंगे , मोहल्ले वासियों की मांग पर मंच के ऊपर कमरे का निर्माण करने की घोषणा भी वही कर दी जिससे मोहल्ले वासियों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा! समीप में ही शंकर नगर स्कूल के मंच मे स्लैब निर्माण की आधारशिला रखी गई जहां पर श्री यादव ने विद्यार्थियों से बात करते हुए कहा आप लोगों की सुविधा के लिए मंच निर्माण तैयार किया जाएगा एवं सभी से उनके पढ़ाई के बारे में पूछा और मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु कहा! इसी प्रकार वार्ड 28 छावनी सामुदायिक भवन के पास पेविंग ब्लॉक लगाने का भूमि पूजन वार्ड पार्षद एवं मोहल्ले वासियों द्वारा कराया गया! बिजली नगर के मोहल्ले की महिलाओं ने सीसी रोड निर्माण कार्य की मांग की जिस पर श्री यादव ने तत्काल स्वीकृति देते हुए कार्य का भूमि पूजन किया! इस दौरान वार्ड 28 के पार्षद तुलसी पटेल, वार्ड 37 के पार्षद संदीप हिरवानी , वार्ड 39 के पार्षद भैरव सोनवानी , देव कुमार बोरकर , डी काम राजू, जगमोहन महाराज, कोटेश्वर राव , राधा रमन चौबे , आर एन विश्वकर्मा , जोन आयुक्त संजय बागड़े सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता रेवती रमन सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी